| FA | 2 |
|---|---|

# राज्य स्तरीय आकलन

## सत्र 2019–20

## सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : दूसरी

विषय : हिंदी

PAPER CODE: 2011

पूर्णांक : 10

**निर्देश –**

1. खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।
2. गतिविधियों में दिए गए चित्र के समरूप अन्य चित्रों का प्रयोग करके भी गतिविधि संपन्न करवाई जा सकती है।

**खण्ड – 'अ'** (अंक 05)

**LO-L-203 - देखी सुनी बातों कहानी, कविता आदि के बारे में बातचीत करते हैं और अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं।**

**गतिविधि 1 – बोलो–बोलो कौन?**

**व्यक्तिगत कार्य –**

शिक्षक पशु–पक्षियों के चित्र की कटिंग या उनके नाम की पर्ची बनाकर, एक डिब्बे में डालें। बच्चों को गोल घेरे में बैठाएँ। फिर प्रत्येक बच्चों को एक–एक करके बुलाएँ बच्चे पर्ची उठाएँ एवं चित्र पहचान कर या नाम पढ़कर उस पशु–पक्षी के आवाज या उसके चलने का अभिनय करके दिखाएँ उनके खान–पान, रहने, के स्थान के बारे में भी बताएँ।

**निर्देश –**

1. यदि बच्चा उठाई गई पर्ची के चित्र या पशु–पक्षी के नाम को न पढ़कर यदि न पहचान पाएँ तो उन्हें अगली पर्ची उठाने को कहें।

2. बच्चों को उनके मातृभाषा या स्थानीय भाषा में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दें।

3. शिक्षक एक दिन पूर्व ही चित्रों की कटिंग या पशु–पक्षियों के नामों की पर्ची बनाकर रख लें।

4. शिक्षक सौहार्दपूर्ण वातावरण में धैर्यपूर्वक मूल्यांकन करें।

**गतिविधि 2 – चित्र देखकर बताओ क्या–क्या हो रहा है?**

**व्यक्तिगत कार्य – चित्र**

**निर्देश –** शिक्षक चित्र दिखाकर बच्चों से मौखिक प्रश्न कर सकते हैं जैसेः–

1. यह चित्र कहाँ का है?
2. बच्चे क्या कर रहे हैं?
3. चित्र में क्या–क्या दिख रहा है?
4. तुम कौन सा काम करना चाहोगे? इत्यादि।
5. बच्चों को अपनी मातृभाषा एवं स्थानीय भाषा के प्रयोग करने की स्वतंत्रता दें।
6. प्रत्येक बच्चों को अलग–अलग बुलाकर मूल्यांकन करें।
7. इस चित्र की जगह अन्य चित्र का भी प्रयोग कर सकते हैं। किंतु पोस्टर या चित्र स्पष्ट हों।
8. प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक दें।

**गतिविधि 3 – सुनो–सुनो, मेरी पंसद की कविता**

**व्यक्तिगत कार्य– अपनी पंसद की कविता सुनाओ।**

**निर्देश –**

1. शिक्षक सौहार्दपूर्ण वातावरण बनायें एवं प्रत्येक बच्चे से कविता सुने तथा कविता में आये विषय वस्तु पर चर्चा करें।
2. प्रत्येक बच्चे को प्रस्तुतीकरण हेतु 05 मिनट का समय दें।
3. बच्चे, अपनी स्थानीय भाषा का प्रयोग कर सकते हैं।
4. कविता की प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा के आधार पर अंक प्रदान करें।

**खण्ड 'ब' (अंक 05)**

| |
|---|
| **LO–L-204 – अपनी निजी जिंदगी और परिवेश पर आधारित अनुभवों को सुनाते हैं। सामग्री; जैसे–कविता, कहानी, पोस्टर, विज्ञापन आदि से जोड़ते हुए बातचीत में शामिल करते हैं।** |

**गतिविधि 1. – देखो, समझो और बताओ**

**चित्र – चिड़ियाघर चित्र**



**व्यक्तिगत कार्य –** चित्र में क्या हो रहा है, एक–एक बच्चों को बुलाकर प्रश्न पूछें।

इसके लिए संभावित प्रश्न इस प्रकार हो सकते हैं–

1. यह चित्र किस जगह का है ?
2. इस चित्र में क्या–क्या दिख रहा है ?
3. जानवरों एवं पक्षियों को यहाँ एक साथ क्यों रखा गया होगा ?
4. जानवरों को घेरे में बंद कर यहाँ रखने पर उन्हें कैसा लग रहा होगा ?
5. चित्र में कौन–कौन से पशु–पक्षी दिखाई दे रहे हैं।

**निर्देश –**

1. शिक्षक बच्चों को जो निर्देश दे वह सरल व स्पष्ट हों।
2. प्रत्येक बच्चे को अलग–अलग बुलाकर मूल्यांकन करें।
3. पोस्टर या चित्र स्पष्ट होना चाहिए।
4. प्रत्येक बच्चे को 05 मिनट का समय दें।
5. प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक होगा।
6. अधिकतक अंक 05 है।

**गतिविधि 2 – क्या खरीदोगे और क्यों ?**

**व्यक्तिगत कार्य –** खिलौने की दुकान से तुम क्या–क्या खरीदोगे, इसके लिए संभावित प्रश्न इस प्रकार से हो सकते हैं –

1. यह चित्र किस दुकान का है?
2. तुम इस दुकान से क्या खरीदोगे।
3. इस दुकान में सबसे अच्छा खिलौना कौन सा लगा?
4. तुम खिलौने लेने किसके साथ जाते हो?
5. स्कूल (विद्यालय) आते समय कौन–कौन सी दुकान दिखाई देती है?

**निर्देश –**

1. शिक्षक बच्चों को जो निर्देश दें वह सरल व स्पष्ट हो।
2. बच्चों को अपनी स्थानीय भाषा बोलने की स्वतंत्रता दें।
3. पोस्टर या चित्र स्पष्ट होना चाहिए।
4. प्रत्येक बच्चे को 05 मिनट का समय दें।
5. प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक होगा।

**गतिविधि 3 – विज्ञापन में क्या है? बताओ।**

**व्यक्तिगत कार्य –** शिक्षक किसी अखबार या विभिन्न पत्र– पत्रिकाओं में आए विज्ञापन की कटिंग लाकर किसी एक वस्तु जैसे– बिस्किट, चॉकलेट या साबुन, गाड़ी आदि में से उस पर बच्चों से बातचीत करने पर कुछ संभावित प्रश्न इस प्रकार के हो सकते हैं–

1. यह किस चीज का विज्ञापन है?
2. यह वस्तु कहाँ–कहाँ मिलता है?
3. यह विज्ञापन तुम कहाँ–कहाँ देखते हो?
4. इनका विज्ञापन क्यों किया जाता है?
5. तुम यह सामान किस दुकान से खरीदोगे?

**निर्देश –**

1. विज्ञापन की कटिंग सभी बच्चों को दें।
2. शिक्षक चाहे तो मोबाइल में से विज्ञापन दिखा सकते हैं।
3. बच्चों को अपनी स्थानीय भाषा में बोलने की स्वतंत्रता दें।
4. प्रत्येक बच्चे को 05 मिनट का समय दें।
5. शिक्षक बच्चों को जो निर्देश दें वह सरल व स्पष्ट हो।
6. प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक है।